रांची

www.vananchaleye@gmail.com

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 वर्ष:01 अंक:42 मंगलवार,14 अक्टूबर



## ब्रीफ न्यूज

### मोदी ने हर्मिनी को राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी

एजंसी

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. पैट्रिक हर्मिनी को सेशेल्स का राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी एवं उनके कार्यकाल में सफलता की कामना की। श्री मोदी के डॉ. हर्मिनी को भेजे गए बधाई संदेश में भारत और सेशेल्स के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें हिंद महासागर की साझा विरासत और दोनों देशों के लोगों की पारस्परिक आकांक्षाओं पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, हिंद महासागर का जल हमारी साझा विरासत है और हमारे लोगों की आकांक्षाओं और जरूरतों को पोषित करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. हर्मिनी के नेतृत्व में द्विपक्षीय संबंधों को और गति मिलेगी। प्रधानमंत्री का बधाई संदेश सेशेल्स के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। राष्ट्रीय एकता, आर्थिक पुनरुत्थान और क्षेत्रीय साझेदारी को मजबूत करने पर केंद्रित डॉ. हर्मिनी के राष्ट्रपति पद के कार्यकाल से भारत-सेशेल्स संबंधों के और प्रगाढ़ होने की उम्मीद है। दोनों देशों ने ऐतिहासिक रूप से समुद्री सुरक्षा, विकास परियोजनाओं और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग किया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. हर्मिनी ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में 52.7 प्रतिशत मत प्राप्त कर निर्णायक जीत हासिल की।

### झारखंड में मौसम रहेगा साफ, तापमान में गिरावट की संभावना

रांची। झारखंड के विभिन्न जिलों में अगले पांच-छह दिनों तक मौसम साफ रहेगा। इस दौरान न्यूनतम तापमान में कमी होने की संभावना है।

यह जानकारी मौसम विभाग ने रविवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल झारखंड के ऊपर किसी तरह के सिस्टम बनने की कोई संभावना नहीं है, लिहाजा, अगले दो-तीन दिनों तक दक्षिणी-पश्चिमी मानसून पूरे झारखंड से विदा हो जाएगा। इस बीच राजधानी रांची और उसके आसपास के इलाकों में पिछले एक-दो दिनों से रात में ठंड बढ़ गई है, जबकि दिन में धूप में तल्खी महसूस की जा रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में एकाध जगह पर छिटफुट बारिश दर्ज गई है। रांची और उसके आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और गुनगुनी धूप खिली रही। तड़के सुबह हल्की ठंड महसूस हुई। रांची में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री, जमशेदपुर में 33.5डि ग्री, डाल्टनगंज में 32.5 डिग्री, बोकारो में 31.5 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्रीसेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# बिहार चुनाव से ठीक पहले आरजेडी को बड़ा झटका, सियासी हलचल तेज

,एजेंसी



पटना : नई दिल्ली, 13 अक्तूबरः बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी व तेजस्वी यादव को तगड़ा झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने सोमवार को आइआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आइपीसी की धारा 420, धारा 120 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) के तहत आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ भी धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र के आरोप तय किए। अदालत ने तीनों आरोपितों से पूछा क्या आप खुद को दोषी मानते हैं या मुकदमे का सामना करेंगे? तीनों आरोपितों ने खुद को दोषी मानने से इनकार किया और कहा कि वे मुकदमे का सामना करेंगे और इसे चुनौती देंगे। इन मामलों में आने वाला फैसला बिहार के आगामी विधानसभा चुनावों पर बड़ा असर डाल सकता है। बता दें कि लालू यादव व्हीलचेयर पर राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत पहुंचे, जहां उनके खिलाफ

## आईआरसीटीसी घोटाले में लालू, राबड़ी और तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप तय

आइआरसीटीसी होटल घोटाला और नौकरी के बदले जमीन घोटाला में आरोप तय किए गए। उनके साथ उनकी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और बेटा तेजस्वी यादव भीमौजूद थे।सीबीआई के मुताबिक, इन होटलों कोलीज पर देने की प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी की गई और निविदा विनय कोचर की कंपनी मेसर्स सुजाता होटल्स को दिए गए। बताया गया कि टेंडर प्रक्रिया को जानबूझकर मनचाहे तरीके से पूरा किया गया और इसमें उस समय आइआरसीटीसी के एमडी पीके गोयल की भूमिका रही। सीबीआइ ने 17 जुलाई 2017 को लालू यादव समेत पांच आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी की और विजय व विनय कोचर समेत कई आरोपितों के 12 ठिकानों पर छापामारी की गई। सीबीआई ने आरोप लगाया कि कोचर बंधुओं को होटलों की लीज दिलाने के बदले में लालू यादव के परिवार को पटना में तीन एकड़ जमीन मिली। ये जमीन पहले सरला गुप्ता की कंपनी को दी गई, जिसे बाद में लालू की पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव की कंपनी ने अधिग्रहित कर लिया। इसी जमीन पर बिहार का सबसे बड़ा मॉल बन रहा था। यह मामला रांची और पुरी स्थित दो आइआरसीटीसी होटलों के टेंडर आवंटन में भ्रष्टाचार से जुड़ा है, जब लालूयादव रेल मंत्री थे।लीज पर देने की प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी की गई और निविदा विनय कोचर की कंपनी मेसर्स सुजाता होटल्स को दिए गए। बताया गया कि टेंडर प्रक्रिया को जानबूझकर मनचाहे तरीके से पूरा किया गया और इसमें उस समय आइआरसीटीसी के एमडी पीके गोयल की भूमिका रही। सीबीआइ ने 17 जुलाई 2017 को लालू यादव समेत पांच आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी की और विजय व विनय कोचर समेत कई आरोपितों के 12 ठिकानों पर छापामारी की गई। सीबीआई ने आरोप लगाया कि कोचर बंधुओं को होटलों की लीज दिलाने के बदले में लालू यादव के परिवार को पटना में तीन एकड़ जमीन मिली।

**कार्रवाई :** बालसिरिंग इलाके में हुई मुठभेड़, दो अपराधियों को भी पुलिस ने किया अरेस्ट

# रांची में एनकाउंटर, सुजीत सिन्हा गैंग का एक अपराधी घायल, तीन पिस्टल बरामद

संवादाता

रांचीःसोमवार की सुबह रांची के बालसिरिंग इलाके में पुलिस और कुख्यात सुजीत सिन्हा गैंग के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई। इस दौरान पुलिस की गोली से अपराधी आफताब घायल हो गया। पुलिस की गोली आफताब के पैर में लगी है।इसके बाद पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच उसे अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल आफताब का इलाज कराया जा रहा है। पुलिस ने आफताब के दो साथियों को भी गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घटनास्थल से तीन पिस्टल भी बरामद किए हैं। सभी अपराधी सुजीत सिन्हा गिरोह से जुड़े हैं। पकड़े गए अपराधी हाल ही में डोरंडा में हुई फायरिंग की घटना में शामिल थे। रांची एससपी राकेश रंजन को राजधानी में सुजीत सिंह गिरोह के कुछ अपराधियों के मूवमेंट की सूचना मिली थी, जिसके बाद रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर, हटिया डीएसपी पीके मिश्रा सहित कई थानों की टीम अपराधियो के तलाश में जुटी हुई थी। सूचना थी कि अपराधियों का एक गिरोह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इसके बाद रांची में जगह-जगह नाकेबंदी और वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बाइक चेकिंग भी की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक को रोका और उसकी तलाशी ली। इसमें उसके पास से एक पिस्तौल बरामद हुई। कड़ाई से पूछताछ में युवक ने खुद का नाम सोनू बताया।उसने कहा कि वह कोयलांचल शांति समिति (केएसएस) गिरोह का सदस्य बताया, जिसका सरगना सुजीत सिन्हा है। पूछताछ के दौरान सोनू ने बताया कि उसके कई अन्य साथी बालसिरिंग पहाड़ के पास बैठकर शराब पी रहे हैं। पकड़े गए अपराधियों का केएसएस गिरोह से जुड़ाव : पुलिस ने जिन तीनों अपराधियों को गिरफ्तार किया है, वे जेल में बंद कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा द्वारा संचालित कोयलांचल शांति समिति (केएसएस) गिरोह से जुड़े हैं। घायल अपराधी आफताब बीते सप्ताह डोरंडा के कुसई कॉलोनी स्थित सत्यभामा अपार्टमेंट के बाहर हुई गोलीबारी में भी शामिल था। गोलीबारी के बाद घटनास्थल से पुलिस को चार कागज के टुकड़े मिले थे, जिन पर लाल स्याही से 'कुबेर केकेएस' लिखा था। पुलिस का दावा है कि यह संगठित गिरोह दहशत फैलाने और बिल्डरों से वसूली करने के उद्देश्य से न सिर्फ पर्चे फेंक रहा है, बल्कि हवाई फायरिंग भी कर रहा है,

**आफताब के पैर में लगी गोली, कड़ी सुरक्षा के बीच अस्पताल में किया गया भर्ती**

**पकड़े गए अपराधी हाल ही में डोरंडा में हुई फायरिंग की घटना में भी थे शामिल**


- ससपी राकेश रंजन को गिरोह के कुछ
- अपराधियों के मूवमेंट की मिली थी सूचना
- किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था अपराधियों का गिरोह
- वाहन चेकिंग में पकड़े गए युवक सोनू ने खुद को बताया कोयलांचल शांति सेना का सदस्य
- सोनू की निशानदेही पर ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने अपराधियों के खिलाफ शुरू की कार्रवाई
- पुलिस की टीम के नजदीक पहुंचते हीअपराधियों ने शुरू कर दी फायरिंग



**मधुपुर जेल में बंद कुख्यात आकाश राय उर्फ मोनू के घर पर की गई थी फायरिंग**

# अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा

## तीन अर्थशास्त्रियों को मिला नोबेल पुरस्कार



एजेंसी

ई दिल्ली, 13 अक्तूबरः इस वर्ष का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार जोएल मोकिर, फिलिप अघियन और पीटर हॉविट को नवाचार और आर्थिक विकास पर उनके अभूतपूर्व कार्य के लिए देने की घोषणा की गई है। नोबेल समिति के अनुसार, तीनों अर्थशास्त्रियों को नवाचार- संचालित आर्थिक विकास की व्याख्या करने के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। जोएल मोकिर ने तकनीकी प्रगति के माध्यम से सतत विकास के लिए आवश्यक शर्तों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जबकि फिलिप अघियन और पीटर हॉविट ने रचनात्मक विनाश के माध्यम से सतत विकास के सिद्धांत पर काम किया है। जोएल मोकिर, फिलिप एघियन और पीटर हाउविट ने इनोवेशन को अर्थव्यवस्था की रफ्तार का मुख्य इंजन बताया है।

**नवाचार और आर्थिक विकास पर अभूतपूर्व कार्य के लिए मिला सम्मान**

विमान में अचानक तकनीकी खराबी आने से हुआ हादसा

# पायलट ट्रेनिंग के दौरान रांची के युवक की मौत

एजेंसी

रांची, 13 अक्तूबरः दक्षिण अफ्रीका के जोहानसबर्ग से एक दुखद खबर सामने आई है। पायलट ट्रेनिंग के दौरान विमान क्रैश हो जाने से झारखंड की राजधानी रांची के रहने वाले 20 वर्षीय युवक पीयूष पुष्प की दर्दनाक मौत हो गई। पीयूष पेशे से पायलट बनना चाहता था और वालकैन एविएशन इंस्टीट्यूट, जोहानसबर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा था। जानकारी के अनुसार, विमान उड़ान के दौरान अचानक तकनीकी खराबी आ जाने के कारण हादसा हुआ। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पीयूष को तत्काल जोहानसबर्ग के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।



पीयूष रांची के अरगोड़ा कटहल मोड़, लाजपत नगर का निवासी था और जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली का पूर्व छात्र था। वह पूर्व शिक्षक टीएन साहू का पुत्र था। दुर्घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। रांची में शोक की लहर है। परिजनों के अनुसार, पीयूष बचपन से ही एविएशन क्षेत्र में करियर बनाना चाहता था और अपने सपनों को साकार करने के लिए वह दक्षिण अफ्रीका गया था। भारतीय दूतावास ने पीयूष का पार्थिव शरीर भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। संभावना है कि कुछ ही दिनों में अंतिम संस्कार के लिए उसका शव रांचीलाया जाएगा।

# घाटशिला उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू

एजेंसी

जमशेदपूर । पूर्वी सिंहभूम जिले के 45-घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। सोमवार को गजट प्रकाशन के साथ ही स्थानीय स्तर पर भी अधिसूचना जारी की गई। इस मौके पर समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने नामांकन



और पूरी निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अनुमंडल कार्यालय, घाटशिला से पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नामांकन प्रपत्र क्रय कर सकते हैं। घाटशिला अनुमंडल पदाधिकारी सुनील चंद्र को इस उपचुनाव के लिए निवार्ची पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। नामांकन की प्रक्रिया 13 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है और इसकी अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 तय की गई है।

**शिक्षा** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट से उजागर हुई राज्य में स्कूली शिक्षा की बदहाली

# झारखंड के 9172 स्कूलों में है केवल 01 शिक्षक

## 4.36 लाख बच्चों की पढ़ाई पर संकट

संवादादता

**रांची :** भारत की शिक्षा व्यवस्था पर केंद्र सरकार की ताजा रिपोर्ट में झारखंड की चिंतनीय तस्वीर सामने आई है। शिक्षा मंत्रालय की 2024-25 की रिपोर्ट के मुताबिक, झारखंड में 9,172 स्कूल ऐसे हैं, जहां केवल एक ही शिक्षक तैनात है, जबकि इन स्कूलों में 4.36 लाख बच्चे पढ़ रहे हैं। यानी औसतन एक शिक्षक को करीब 48 छात्रों की जिम्मेदारी उठानी पड़ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति राइट टू एडुकेशन, 2009 के प्रावधानों का उल्लंघन है, जिसके तहत प्राथमिक स्तर पर 30 छात्रों पर एक और उच्च प्राथमिक स्तर पर 35 छात्रों पर एक शिक्षक होना अनिवार्य है। शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि देशभर में 1,04,125 स्कूल ऐसे हैं, जहां एक ही शिक्षक कार्यरत है। इन स्कूलों में लगभग 33.76 लाख छात्र पढ़ रहे हैं।इसका औसत 'प्यूपिल-



टीचर रेशियो' (पीटीआर) 34:1 है। झारखंड इस सूची में तीसरे स्थान पर है। सबसे ज्यादा 12,912 ऐसे स्कूल आंध्र प्रदेश में हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश में 9,508 ऐसे स्कूल हैं, जहां सिर्फ एक शिक्षक है। रिपोर्ट के अनुसार, बिहार में 1,865 सिंगल-टीचर स्कूल हैं, जिनमें 1.75 लाख छात्र पढ़ते हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 6.24 लाख छात्र ऐसे स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं। देशभर में 2024-25 तक 14.71 लाख स्कूल कार्यरत हैं, जिनकी संख्या पिछले वर्ष के मुकाबले थोड़ी घटी है। इन स्कूलों में 24.69 करोड़ छात्र पढ़ रहे हैं, और 1.01 करोड़ शिक्षक कार्यरत हैं। औसतन हर स्कूल में सात शिक्षक हैं और हर 24 छात्रों पर एक शिक्षक उपलब्ध है। शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि देशभर में 7,993 स्कूल ऐसे हैं जिनमें एक भी छात्र नहीं है, जबकि 20,817 स्कूल ऐसे हैं जिनमें छात्र नहीं लेकिन शिक्षक मौजूद हैं। झारखंड समेत कई राज्यों में बिजली, टॉयलेट और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी भी बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 में सिंगल-टीचर स्कूलों की संख्या 1.10 लाख थी, जो अब घटकर 1.04 लाख रह गई है। यानी लगभग 6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन झारखंड और

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने विनोद कुमार पाण्डेय के आवास पहुंचकर उनकी माता के निधन पर प्रकट की शोक संवेदन



संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने आज राज्य समन्वय समिति के सदस्य-सह-झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय के हरमू हाउसिंग कॉलोनी, रांची स्थित आवास पहुंचकर उनकी माता जलेश्वरी देवी जी के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने श्री विनोद कुमार पाण्डेय एवं उनके परिजनों से मुलाकात की तथा उनका ढांढ़स बंधाया। मालूम हो कि विगत 12 अक्टूबर 2025 को राज्य समन्वय समिति के सदस्य- सह-झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के केंद्रीय महासचिव श्री विनोद कुमार पाण्डेय की माता जलेश्वरी देवी जी का निधन हो गया था। जलेश्वरी देवी जी अपनेपीछे चार पुत्र एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है

# दीपों से जगमग हुआ आत्मनिर्भरता का रास्ता : मंईयां सम्मान योजना से रांची की महिलाएं रच रही नई कहानी

रांची, संवाददाता ।




करम टोली चौक की रहने वाली शीला लिंडा के घर में इन दिनों दीये की रौशनी केवल दीपावली के आगमन की नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की नई शुरूआत की गवाही भी दे रही है. पिछले 25 सालों से समाज सेवा में सक्रिय शीला लिंडा न सिर्फ अपने लिए, बल्कि अपने आस-पास की कई महिलाओं के जीवन में भी उजाला भर रही हैं. ये महिलाएं मईया सम्मान योजना का लाभ तो ले ही रही हैं, साथ ही व्होकल फॉर लोकल अभियान को भी बढ़ावा दे रही हैं, अपने हाथों से बने स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचाकर आत्मनिर्भर भारत की मिसाल बन रही हैं. शीला लिंडा बताती हैं कि मईया सम्मान योजना से मुझे अब तक 15,000 रुपए की राशि मिली है. पहले तो लगा यह छोटी पूंजी है, लेकिन आज यही मेरी सबसे बड़ी ताकत बन गई. इसी पैसे से मैंने दिया, मोमबत्ती और कागज के लिफाफे बनाना शुरू किया. अब मेरा छोटा सा व्यवसाय चल पड़ा है. दीपावली के इस मौसम में दीयों की मांग बढ़ गई है, और मैं खुश हूं कि मेरी मेहनत से घर भी रोशन है और दूसरों के घर भी.

दरअसल, मईया सम्मान योजना ने झारखंड की हजारों महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर दिया है. इस योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि उन्हें समाज में एक पहचान भी दे रही है. शीला लिंडा की कहानी इसी परिवर्तन का सजीव उदाहरण है. उन्होंने न केवल खुद को सशक्त किया बल्कि अपने इलाके की अन्य महिलाओं को भी इस मुहिम से जोड़ा. जिन महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिल पाया, उन्हें उन्होंने स्वयं सहायता समूह से जोड़कर रोजगार का रास्ता दिखाया.वो कहतीं हैं मैं चाहती हूं कि हर महिला अपने पैरों पर खड़ी हो. मैंने कई महिलाओं को मानदेय देकर काम सिखाया है. आज वे खुद दीया, लिफाफा और मोमबत्ती बनाकर मुनाफा कमा रही हैं.आत्मनिर्भर बनना अब सपना नहीं, हकीकत है.

दीपावली के अवसर पर उन्होंने डिजाइनर दीये बनवाने का काम शुरू किया है. सार्वजनिक मेलों से लेकर शहर के मॉल तक में उनके बनाये दीये बिक रहे हैं. उनकी मेहनत और रचनात्मक सोच ने उन्हें स्थानीय पहचान दिलाई है. एक दीदी प्रेममणि, जो शीला लिंडा के समूह से जुड़ी हैं, मुस्कुराते हुए कहती हैं, पहले लगता था हमारे बस की बात नहीं, लेकिन शीला दीदी ने हमें सिखाया कि थोड़ी सी हिम्मत और मेहनत से सबकुछ संभव है. मईया सम्मान योजना से मिले पैसों ने कई घरों की दीवारों में उम्मीद की रौशनी भर दी है. अब हम खुद अपने खर्च उठा पाती हैं, बच्चों की पढ़ाई में हाथ बंटा पाती हैं.

वहीं, इसी समूह से जुड़ी बसंती कहती हैं, मुझे वृद्धा पेंशन मिलती है. पहले उस पैसे को घर के खर्च में लगा देती थी, लेकिन अब वही पैसा शीला दीदी के काम में लगाती हूं. हम मिलकर दीये बनाते हैं और बेचते हैं. अब मुझे भी लगता है कि उम्र नहीं, इरादे बड़े होने चाहिए. दीपावली में जब हमारे बनाए दीये किसी के घर जलते हैं, तो लगता है कि जीवन सचमुच सफल हुआ. झारखंड सरकार की यह योजना ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों की महिलाओं के लिए नई दिशा दे रही है. जिन महिलाओं के पास पूंजी का अभाव था, वे अब इस योजना के माध्यम से अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं. दीपावली का त्योहार वैसे भी अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है.

# अस्मिता पेंचक सिलाट लीग: झारखंड की 300 महिला खिलाड़ियों ने दिखाया जज्बा व जुनून

रांची, संवाददाता ।



मोरहाबादी स्थित वुशु इनडोर स्टेडियम में रविवार को अस्मिता पेंचक सिलाट लीग 2025-26, झारखंड का सफल समापन हुआ. इस मुकाबले में राज्य भर से लगभग 300 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जहां खिलाड़ियों में जबरदस्त जोश और जुनून दिखाई दिया. उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी रहीं, जबकि समापन समारोह में झामुमो विधायक रामसूर्या मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड पेंचक सिलाट संघ के अध्यक्ष किशोर मंत्री, सचिव मिस डॉली सिंह, चीफ टेक्निकल डायरेक्टर व चेयरमैन बिजय कुमार लिम्बु और आयोजन समिति के अध्यक्ष शिफू बिस्वजीत कर्मकार सहित कई सदस्यों का अहम योगदान रहा. साथ ही संदीप लाल, गणेश कालिंदी, धनांतर कुमार, जमील अंसारी, शकील अंसारी, अब्दुल कादिर, शशि कुमार, मानसिंह, शबनम मिंज, तेजस्विनी खाती, दीपक कच्छप, सुरज, कृष्णा भगत, प्रिंस कुमार, अंजन राणा, राजकुमार, शुभम् कुमार, आरव गुरुंग, कुमकुम विश्वकर्मा, ललन कुमार और कई स्कूलों के शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों का भी विशेष योगदान रहा, जिन्होंने बच्चियों को प्रेरित कर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया. संघ की सचिव डॉली सिंह ने बताया कि खेलो इंडिया के तहत आयोजित यह प्रतियोगिता महिलाओं को अपने खेल कौशल को निखारने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का सुनहरा अवसर देती है. यह मंच खिलाड़ियों को न केवल खिलाड़ी बल्कि भविष्य में कोच बनने की दिशा में भी प्रेरित कर रहा है. झारखंड पेंचक सिलाट संघ राज्य में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है. प्रतियोगिता का समापन शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ.

# रांची में ज्वेलरी शॉप में ठगी का प्रयास विफल, अंतर्राज्यीय ठग गिरफ्तार


रांची, संवाददाता ।



सुखदेवनगर थाना क्षेत्र 12 बजे न्यू मार्केट चौक स्थित न्यू चंदन ज्वेलर्स नामक दुकान में एक व्यक्ति को दो अंगूठी खरीदने के बहाने ठगी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया. ज्वेलरी दुकानदार को ग्राहक के व्यवहार पर संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की और ठगी करने का प्रयास कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान रितेश राज उर्फ सोनू राजा बीघा, थाना फतेहपूर, जिला गया, बिहार के रूप में हुई है. पूछताछ में रितेश राज उर्फ सोनू ने अपनी अपराध शैली का विस्तृत खुलासा किया, उसने बताया कि वह अपने सहयोगी अभय के साथ मिलकर रांची के विभिन्न एटीएम सेंटरों में ग्राहकों के एटीएम कार्ड फंसाकर उनका पिनकोड प्राप्त करते थे और फिर उनके खाते से पैसे की चोरी करते थे. उनकी कार्यशैली यह थी कि वे एटीएम मशीन में कार्ड प्रवेश स्थान पर गोंद लगा देते थे, जिससे ग्राहक का एटीएम कार्ड मशीन में ही चिपक जाता था. इसके बाद, रितेश राज उर्फ सोनू एटीएम सेंटर में प्रवेश कर, ग्राहक को अपने सहयोगी अभय का एक फर्जी मोबाइल नंबर देकर संपर्क करने को कहते थे, यह बताते हुए कि वह एटीएम के इंजीनियर हैं. इस बातचीत के दौरान वे ग्राहक से चतुराई से उसका पिनकोड प्राप्त कर लेते थे. फिर, वे कार्ड निकालकर दूसरे एटीएम से पैसे की चोरी करते थे.

# डोरंडा में अमेरिका के श्री विष्णु मंदिर की थीम पर बन रहा काली पूजा पंडाल

रांची, संवाददाता ।



20 अक्टूबर को काली पूजा है. इसके लिए मेन रोड, डोरंडा समेत विभिन्न स्थानों पर भव्य पंडाल बनाए जा रहे है. इस बार डोरंडा में मां काली पूजा में भक्ति, भव्यता और कला का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा. श्री डोरंडा बाजार काली पूजा समिति इस वर्ष अपने 75वें वर्ष मे प्रवेश करेगा. वर्ष 1951 से लगातार यहां मां काली की पूजा होती आ रही है, और इस बार आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है. इस वर्ष समिति ने अमेरिका के प्रसिद्ध श्री विष्णु मंदिर की थीम पर भव्य पंडाल बनाए जा रहे है. बंगाल के कुशल कारीगर इस आकर्षक पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं. समिति के अध्यक्ष राजू चौरसिया ने बताया कि काली पूजा पांच दिनों तक चलेगी और इसमें लगभग 60 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं. पूजा के दौरान प्रतिदिन मां काली को खिचड़ी, सब्जी, चटनी और विभिन्न प्रकार के भाजा का भोग लगाया जाएगा. 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आकर्षक विद्युत सज्जा, मेला की विशेष व्यवस्था की गई है. वहीं, न्यू काली पूजा समिति, डोरंडा इस बार अपनी परंपरा को नई दिशा देने जा रही है. यह समिति राजस्थानी स्थापत्य कला की थीम पर भव्य पंडाल बना रही है. करीब 10 लाख रुपए की लागत से तैयार यह पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगा. मां काली की प्रतिमा 13 फीट ऊंची होगी, जबकि पंडाल की ऊंचाई 50 फीट, चौड़ाई 60 फीट और लंबाई 45 फीट रखी गई है. इस पूजा की शुरूआत वर्ष 1982 में हुई थी. समिति के अध्यक्ष शंभु गुप्ता, संस्थापक टापु घोष, महामंत्री अजय घोष, कोषाध्यक्ष मनोज मालाकार और अन्य 50 सदस्य आयोजन में जुटे हैं. पंडाल के भीतर और बाहर की लाइटिंग सजावट कोलकाता की चंदन नगर टीम द्वारा की जाएगी. राजस्थानी स्थापत्य कला से इस पंडाल को सजाए जाएंगे. पंडाल के मुख्य द्वार के प्रवेश और निकासी मार्ग पर आकर्षक विद्युत लाईटें से सजाई जाएगी. करीब 40 कारीगर खड़गपुर से आकर इस पंडाल को साकार रूप दे रहे हैं. पंडाल का उद्घाटन रांची के पांच संतों के द्वारा किया जाएगा.

# रांची में निकलेगी डहरे सोहराय पदयात्रा और लगेगी प्रदर्शनी

रांची। झारखंड की पारंपरिक सोहराय संस्कृति को जीवित रखने और जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम डहरे सोहराय का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन 16 अक्टूबर 2025 को राजधानी रांची में किया जाएगा. इस आयोजन की जानकारी विकास महतो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी. इस कार्यक्रम का आयोजन बहुभाषी झारखंड कला संस्कृति मंच के तत्वावधान में किया जा रहा है जिसका उद्देश्य राज्य की सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करना, स्थानीय कलाकारों को मंच देना और युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ना है. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य झारखंड की प्रकृति, पशुपालन, कृषि जीवनशैली और समुदायिक एकता पर आधारित सोहराय संस्कृति, उसकी पेंटिंग, लोकगीत, नृत्य और कला को बढ़ावा देना है. इसका प्रदर्शन नाटकीय और जीवंत रूप में किया जाएगा ताकि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक धरोहर से परिचित हो सके।

# गरीब मरीजों को राहत : प्रत्येक जिले में 100-100 नाम विशेष रूप से राशन कार्ड में जोड़े जाएंगे

रांची, संवाददाता ।



खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने घोषणा की है कि झारखंड के प्रत्येक जिले में विशेष रूप से 100-100 गरीब एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड में जोड़े जाएंगे, ताकि वे आयुष्मान भारत योजना और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें. मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की उदासीनता के कारण अब तक कई गरीबों की जान इलाज के अभाव में चली गई. यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है. मैंने ठान लिया है कि मेरे रहते किसी गरीब की जान इलाज के अभाव में नहीं जाएगी. जनता है तभी हम हैं. विभाग में कई दौर की गंभीर विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है. अब यह योजना धरातल पर उतारी जा रही है, जिससे गरीबों के बीच राहत और सरकार के प्रति भरोसा मजबूत हुआ है. मंत्री ने बताया कि वर्तमान गाइडलाइन के अनुसार केंद्र सरकार की नीति में नाम काटे बिना नया नाम नहीं जोड़ा जा सकता है. ऐसे में बड़ी संख्या में गरीब लोग सरकारी योजनाओं से वंचित थे. राज्य सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण से विशेष परिस्थिति में यह छूट देने का फैसला किया है. मैं राजनीति करने नहीं, काम करने आया हूं. मेरा विजन लंबा है, सोच स्पष्ट है, और मैं हर योजना को जमीन पर उतारने का संकल्प लेकर काम कर रहा हूं राज्य के सभी सांसदों और विधायकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में ऐसे जरूरतमंदों की सूची शीघ्र जिला उपायुक्त और जिला आपूर्ति पदाधिकारी को उपलब्ध कराएं.

# झारखंड में मृत लाभुकों के नाम पर उठ रहा था राशन, सरकार ने 6.12 लाख नाम किए रद्द

रांची, संवाददाता ।



झारखंड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत मृत लाभुकों के नाम पर वर्षों से राशन उठाए जाने का मामला सामने आया है. राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 59 लाख 71 हजार 211 परिवारों को अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे लगभग 2 करोड़ 60 लाख 95 हजार 355 लोग लाभान्वित हो रहे हैं. लेकिन जांच में सामने आया है कि इनमें कई ऐसे लाभुक भी हैं, जिनकी मृत्यु पिछले पांच से छह वर्षों के दौरान हो चुकी है, फिर भी उनके नाम पर राशन की आपूर्ति होती रही.

### केंद्र के निर्देश पर सक्रिय हुई राज्य सरकार

केंद्र सरकार ने झारखंड सरकार को पत्र लिखकर सभी अयोग्य और मृत लाभुकों के नाम हटाने के निर्देश दिए थे. यह पत्र राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग के आंकड़ों के आधार पर भेजा गया था, जिसमें हाल के वर्षों में जारी मृत्युप्रमाण पत्रों के आंकड़े शामिल थे.

### 6.12 लाख मृत लाभुकों के नाम हटाए गए राशन कार्ड से

केंद्र के निदेर्शों के बाद झारखंड सरकार ने सभी जिलों में जांच शुरू की. मिलान प्रक्रिया में पाया गया कि 6 लाख 12 हजार से अधिक मृत लाभार्थियों के नाम अब भी राशन कार्ड की सूची में सक्रिय थे. इसके बाद इन सभी के नाम 18 सितंबर 2025 तक सूची से हटा दिए गए. विभागीय सूत्रों के अनुसार, मृत व्यक्तियों के नाम पर बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली (e-POS मशीन) की कमी और निगरानी तंत्र की कमजोरियों के कारण वर्षों तक राशन उठाया जाता रहा. खाद्य आपूर्ति विभाग ने सभी जिलों को निर्देश दिया है कि मृत या अयोग्य लाभुकों की फिलहाल जारी जांच रिपोर्ट जल्द जमा करें. अधिकारियों का मानना है कि मृत लाभुकों की वास्तविक संख्या 6.12 लाख से अधिक हो सकती है. राज्य सरकार अब पीडीएस प्रणाली को पूरी तरह आधार आधारित और पारदर्शी बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है ताकि भविष्य में इस तरह की गड़बड़ी की संभावना न रहे.

# रांची को मिलेगी जीरो वेस्ट सिटी की नई पहचान, शुरू हुई हाईटेक कचरा प्रबंधन की पहल

रांची, संवाददाता ।



राजधानी अब जीरो वेस्ट सिटी बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही है. रांची नगर निगम शहर के कचरे को वैज्ञानिक तरीके से संभालने के लिए राज्य का पहला मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर बना रहा है. यह सेंटर हाईटेक मशीनों से लैस होंगे, जो अपने आप सूखे और गीले कचरे को अलग कर देंगे. अब तक शहर का सारा कचरा बिना छंटाई के सीधे डंपिंग यार्ड तक पहुंचता था, जिससे गंदगी और बदबू की समस्या रहती थी. नई व्यवस्था में हर वार्ड से कचरा पहले एमआरएफ सेंटर भेजा जाएगा. वहां प्लास्टिक, कागज, धातु, कांच और गीले कचरे को अलग-अलग किया जाएगा. सूखा कचरा रीसाइक्लिंग एजेंसियों को दिया जाएगा, जबकि गीला कचरा गेल इंडिया लिमिटेड के गैस प्लांट में बायोगैस और कंपोस्ट बनाने के काम आएगा. रांची में ऐसे 12 आधुनिक एमआरएफ सेंटर बनाए जा रहे हैं. इससे शहर का कचरा व्यवस्थित रूप से इकट्ठा, छांटा और दोबारा उपयोग किया जा सकेगा. नगर निगम का लक्ष्य है कि अगले 6 महीनों में रांची को जीरो वेस्ट सिटी बनाया जाए.नगर निगम ने लोगों से अपील की है कि वे घर-घर कचरा संग्रहण के दौरान गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखें, ताकि सिस्टम बेहतर तरीके से काम कर सके. हालांकि कुछ जगहों पर इसका विरोध भी हो रहा है. आईटीआई परिसर में बन रहे एमआरएफ सेंटर के खिलाफ स्थानीय लोग और राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ भी विरोध जता चुके हैं. लोगों का कहना है कि यह सेंटर घनी आबादी वाले इलाके में बनाया जा रहा है, जिससे आसपास गंदगी और परेशानी बढ़ेगी.

# झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ की एजीएम संपन्न, नई कार्यकारिणी गठित

**वेदांत कौस्तव अध्यक्ष निर्वाचित, सचिव के रूप में राजेश कुमार एवं कोषाध्यक्ष कीर्ति कुमार चुने गए।**

रांची, संवाददाता ।



झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ की वार्षिक आम सभा प्रेस क्लब, रांची सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में डॉ. राजेश गुप्ता को चेयरमैन, वेदांत कौस्तव को अध्यक्ष, राजेश कुमार को सचिव तथा कीर्ति कुमार को कोषाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया। बैठक में राज्य में थ्रोबॉल खेल के दीर्घकालिक विकास के लिए लॉन्ग टर्म डेवलपमेंट प्रोग्राम पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही हाल ही में रांची में आयोजित राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता की समीक्षा की गई और उसके सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित सदस्यों को धन्यवाद दिया गया। बैठक में बतौर प्रवेक्षक थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव संजीव कुमार उपस्थित रहे। वहीं दिल्ली से आए तकनीकी विशेषज्ञ कैलाश कुमार ने नई खेल नीति पर अपने विचार रखते हुए संघ की संरचना में आवश्यक सुधार एवं नवीनीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा कि ह्झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। हमारा उद्देश्य है कि थ्रोबॉल खेल को हर जिले के विद्यालयों और ग्रामीण इलाकों तक पहुँचाया जाए, ताकि नई पीढ़ी इस खेल से जुड़ सके। अध्यक्ष वेदांत कौस्तव ने अपने संबोधन में कहा कि संघ की नई कार्यकारिणी राज्य के खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कार्ययोजना पर काम करेगी। हम पारदर्शी और प्रोफेशनल तरीके से खेल प्रबंधन को और मजबूत बनाएंगे। अंत में कोषाध्यक्ष कीर्ति कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

**नई कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारी एवं सदस्य चुने गए —**

संरक्षक : चंद्रभूषण झा, गोविंद झा, चेयरमैन-डॉ. राजेश गुप्ता, अध्यक्ष-वेदांत कौस्तव, कार्यकारीअध्यक्ष-नगीना कुमार, उपाध्यक्ष-जमील अंसारी, राजेश कुमार सिंह, गूंजन सिंह, उपाध्यक्ष-सोनू सिंह, आशुतोष गोस्वामी, डॉ. लाल मनीष नाथ शाहदेव, बिस्वास उरांव, कृष्णा सिंह, सचिव-राजेश कुमार, संयुक्त सचिव-विश्वजीत कुमार, नीरज वर्मा, आशीष पाठक, देवव्रत कुमार, राकेश कुमार, दीपक वर्मा, गोकुलानंद मिश्रा, कोषाध्यक्ष-कीर्ति कुमार, कार्यकारिणी सदस्य-गौतम सिंह, क्वीन ठाकुर, गोकुलानंद मिश्रा, विवेक कुमार, अमित कुमार, मोहम्मद अमीरुल, अन्नु यादव, दीपक कुमार, सुनीता महतो, सुकांता आदि है कुंडू, सरस्वती उरांव, जेबा परवीन, अबोध राम, रविंद्र कुमार, अमरलाल मुंडा, दुर्गा कुमार। टेक्निकल कमिटी चेयरमैन झ्र विवेक कुमार, रेफरी बोर्ड चेयरमैन झ्र क्वीन ठाकुर

# राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रांची में छात्रों का हंगामा

रांची, संवाददाता ।



राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रांची में आज सोमवार को छात्रों और बाहरी असामाजिक तत्वों के बीच हुई झड़प के बाद तनावपूर्ण माहौल बन गया. मारपीट की इस घटना में एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तुरंत रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना के विरोध में छात्रों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ में प्रदर्शन शुरू कर दिया. छात्रों का आरोप है कि जब वे इस घटना की शिकायत लेकर प्राचार्य के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि जिन गुंडों ने मारपीट की थी वे प्राचार्य के कक्ष में आराम से बैठे चाय पी रहे थे. जैसे ही छात्रों ने आपत्ति जताई, उन गुंडों ने प्राचार्य कक्ष के भीतर ही लाठी चलानी शुरू कर दी, जिससे कार्यालय का शीशा टूट गया. इसके लिए छात्रों पर ही आरोप मढ़ा जा रहा है. प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि कॉलेज प्रशासन घटना की निष्पक्ष जांच करने के बजाय शिक्षा को रोकते हुए कॉलेज को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया है. उन्हें कॉलेज और होस्टल खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया है, जिससे पढ़ने के लिए बाहर से आए छात्र खासे परेशान और आक्रोशित हैं.छात्रों ने कॉलेज परिसर का दौरा कर मीडिया को उसकी बदहाल स्थिति से भी अवगत कराया. उन्होंने बताया कि कॉलेज की कार्यशाला कोरोना लॉकडाउन के बाद से बंद है.

प्राचार्य अकिलुर रहमान ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह झगड़ा होस्टल के ही कुछ छात्रों के बीच हुआ था. स्थिति को शांत करने के लिए अस्थाई रूप से कॉलेज को बंद किया गया है और जल्द ही पढ़ाई फिर से शुरू कर दी जाएगी. उन्होंने आगे कहा कि हॉस्टल खाली करने का निर्देश केवल उन छात्रों को दिया गया है जो अनधिकृत रूप से रह रहे हैं. अधिकृत छात्रों को निकाला नहीं जाएगा. कॉलेज की जर्जर स्थिति को सुधारने के लिए सरकार को अनुरोध भेजा गया है और जैसे ही फंड प्राप्त होगा, मरम्मत कार्य शुरू कर दिए जाएंगे.छात्रों ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, निर्दोष छात्रों को परेशान न किया जाए, कक्षाएं फिर से शुरू की जानी चाहिए और कॉलेज में मूलभूत सुविधाएं तुरंत बहाल की जाएं।

वॉलीबॉल कोर्ट में घास उग आई है और वहां अब मवेशी चरते हैं.

कई इमारतें खंडहर में तब्दील हो चुकी हैं.

दो बॉयज हॉस्टल जर्जर हालत में हैं, जहां न शौचालय की समुचित व्यवस्था है, न पीने के पानी की, और न ही नियमित बिजली आपूर्ति.

गर्ल्स हॉस्टल में लाखों रुपये के पंखे, बेड आदि चोरी हो चुके हैं. छात्राओं की शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई और अब वह हॉस्टल बंद पड़ा है.

कॉलेज कैंपस में जमीन कब्जा कर कई लोग अपनी बस्ती बसा चुके हैं और आए दिन कॉलेज के छात्रों से मारपीट और छिनतई करते हैं.



# बोकारो में पुलिस-सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में दो एसएलआर बरामद

संवाददाता । रांची



बोकारोः नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बोकारो पुलिस, हजारीबाग पुलिस, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ 154 बटालियन की संयुक्त टीम ने सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल की। मुरपा जंगल में चलाए गए सर्च अभियान में कुख्यात माओवादी नक्सली भोला कोड़ा उर्फ रोहित कोड़ा उर्फ विकास दा की निशानदेही पर दो एसएलआर हथियार, 233 जिंदा कारतूस, एक खाली मैगजीन, तीन फुलथ्रु और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं। जानकारी के अनुसार, 17 जुलाई 2025 को माओवादी बीरसेन उर्फ चंचल दा के दस्ते की मौजूदगी की सूचना पर सीआरपीएफ कोबरा 209 और बोकारो जिला बल ने बिरहोरडेरा जंगल में संयुक्त छापेमारी की थी। उस दौरान मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए थे, जबकि प्रवेज दा, चंचल दा, विशन दा, राजू और भोला कोड़ा समेत कई उग्रवादी भाग निकले थे। भागने के क्रम मेंभोला कोड़ा और फुलचंद मांझी उर्फ राजू ने दो एसएलआर हथियार और मैगजीनों को मुरपा के समीप मिट्टी में गाड़कर छिपा दिया था।बाद में भोला कोड़ा गिरीडीह और अभयपुर होते हुए अपने गृह जिला मुंगेर (बिहार) पहुंचा, जहां उसने स्थानीय पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद उसे अनुसंधान हेतु हजारीबाग पुलिस रिमांड पर लाई गई। रिमांड के दौरान भोला कोड़ा ने छिपाए गए हथियारों के बारे में खुलासा किया, जिसके आधार पर
पुलिस महानिरीक्षक, कोयला प्रक्षेत्र के निर्देश पर मुरपा जंगल में ओपीएस योजना के तहत संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलायागया।बरामदगी के बाद पुलिस नेसभी सामग्री को विधिवत जब्त कर थाना लाया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।भोला कोड़ा के खिलाफ बिहार और झारखंड के कई जिलों में दर्जनों गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें यूएपीए, आर्म्स एक्ट और देशद्रोह की धाराएं शामिल हैं।छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव पवन कुमार, सीआरपीएफ व झारखंड जगुआर के अधिकारी, थाना प्रभारी चतरोचट्टी दीपक कुमार राणा, थाना प्रभारी आंगो जानु कुमार और गोमिया क्षेत्र के पुलिस दलशामिल थे।

# ब्रीफ न्यूज

## रांची के रातू में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, आरोपी चिह्नित; छापेमारी जारी

संवाददाता । रांची

रांची। रांची : रातू थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना सामने आई है। घटना रविवार रात की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नाबालिग रात के समय कहीं से अपने घर लौट रही थी, तभी रास्ते में बदमाशों ने उसे निशाना बनाया और इस वारदात को अंजाम दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता की मेडिकल जांच करा ली है। पुलिस ने दावा किया है कि इस घिनौनी वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पहचान हो चुकी है।राँची पुलिस सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए सघन छापेमारी कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



राँची//दशम फॉल में रविवार शाम एक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार 37 वर्षीय रोशन कुमार, पिता दिनेश ठाकुर, जो मूल रूप से मधुबनी (बिहार) के कालिका रामनगर के रहने वाले हैं। फिलहाल पिस्का मोड़, पंडरा स्थित रवि स्टील में काम करते थे, नहाने के दौरान पानी के तेज बहाव में डूब गए। घटना रविवार शाम करीब 3:30 बजे की बताई जा रही।

## कुडू के युवक की केरल में चाकू मारकर हत्या

संवाददाता । रांची

लोहरदगा : के कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी पंचायत के जोंजरो गांव के एक युवक की केरल में चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। युवक का शव केरल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पड़ा हुआ है। इस संबंध में सोमवार को केरल पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। मृतक के परिजन युवक का शव लाने के लिए परेशान हैं। बताया जाता है कि कुडू थाना क्षेत्र के जोंजरो गांव निवासी परमेश्वर टोप्पो रोजगार की तलाश में गांव के साथियों के साथ केरल गया हुआ था और वह केरल के कालीकट जिला के बलसिरी थाना क्षेत्र के ऐंगेरूल में काम करता था।रविवार की रात केरल में काम करने वाले कुछ साथियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपितों ने परमेश्वर टोप्पो की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद सभी आरोपित फरार हो गए। साथ में रहने वाले ग्रामीणों की इसकी जानकारी हुई इसके बाद बलसिरी स्वास्थ्य केंद्र में प्रमेश्वर को इलाज के लिए ले जाया गया जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बलसिरी थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर बताया कि परमेश्वर टोप्पो की हत्या हो गई है और शव स्वास्थ्य केंद्र में पड़ा हुआ है। केरल पुलिस ने प्रमेश्वर के परिजनों से जोंजरो गांव का निवासी होने का प्रमाण स्थानीय थाना से भेरीफाई कराकर पत्र भेजकर शव ले जाने को कहा है। परमेश्वर के परिजन जिंगी पंचायत के मुखिया दिलिप उरांव के साथ कुडू थाना पहुंचे और केरल पुलिस से फोन पर बातचीत की है। इसके बाद शव लाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ पलामू प्रमंडलीय एसीबी टीम की बड़ी कार्रवाई



संवाददाता । रांची

लातेहारः 5000 रिश्वत लेते लातेहार जिला मुख्यालय में स्वास्थ्य विभाग के कर्मी गिरफ्तार लातेहार जिले में पलामू प्रमंडलीय एसीबी टीम की बड़ी कार्रवाई, सोमवार को लातेहार जिला मुख्यालय में पदस्थापित स्वास्थ्य कर्मी बीपीएम सह एमटीएस अजय भारती को ?5000 रिश्वत लेते पलामू प्रमंडलीय एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार करने के बाद आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## रांची विश्वविद्यालय सहित कई संस्थानों में डिग्री के नाम पर वसूली, छात्रों की परेशानी बढ़ी



संवाददाता । रांची

लातेहारः रांची। समाजसेवी फराज अब्बास ने कहा कि झारखंड के शिक्षा जगत में एक छुपा घोटाला- भ्रष्टाचार, राज्य के कई विश्वविद्यालयों के परीक्षा विभागों में दलालों का बोलबाला,मार्कशीट / डिग्री निकलवाने के लिए बोली लगती है ।उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कुछ कर्मचारियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के आस पास फोटोकॉपी वाले दुकानदार भी इस घोटाले भ्रष्टाचार में शामिल हैं । 100-200 की नहीं जैसा काम वैसा दाम 5000-10000 या उससे अधिक की बोली लगाई जाती है। फराज ने कहा कि गरीब छात्र कैसे निकाले अपना काम, विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के पास वहां के ऑफिशियल स्टाफ के सहयोग से दलाल घुमते रहते हैं। विश्वविद्यालय में समय-सीमा में कोई काम नहीं होता है,स्टूडेंट को अपने काम के लिए बार बार चक्कर लगाना होता है ।।दूसरी सब से बड़ी दिक्कत ये है कि कर्मचारियों का कोई आने जाने का टाइम टेबल नहीं है।। कर्मचारियों का छात्रों के साथ व्यवहार भी अच्छा नहीं है, पुरा विश्वविद्यालय प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है,विशेष रूप से रांची विश्वविद्यालय !! इस स्थिति से महामहिम राज्यपाल

# झारखंड में खास फसल के लिए होगा कलस्टर विकसित : मंत्री

संवाददाता ।रांची



रांची। झारखंड में रबी फसल के बीज वितरण का कार्य कलस्टर के फामूर्ले पर तय होगा। इसके तहत 80 से 100 गांव को मिलाकर कलस्टर निर्माण कर, हरेक कलस्टर को किसी खास फसल की पहचान के तौर पर विकसित किया जाएगा। यह बातें कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने नेपाल हाउस में सोमवार को कृषि एवं उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कही। उन्होंने बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत 100 प्रतिशत अनुदान पर बीज का वितरण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बैठक में नवंबर माह में रांची में राज्यस्तरीय कृषि व्यापार मेला आयोजित करने पर सहमति बनी है। मेला की सफलता को लेकर अधिकारियों को विशेष जिम्मेवारी दी गई है। समीक्षा बैठक के दौरान इस साल अच्छी बारिश के बाद अच्छी फसल होने की संभावनाएं जताई गई। मंत्री ने कहा कि खेतों में लगे धान की फसल कटने के साथ रबीफसल के लिए जिला स्तर पर मिलने वाले डिमांड के अनुरूप बीज उपलब्ध कराने की जरूरत है। ताकि किसानों को लाभ मिल सके। समीक्षा बैठक में योजनाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुए कृषि मंत्री ने योजनाओं की रफ्तार बढ़ाने के साथ समय पर लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने की बात कही। रबी फसल को लेकर विशेष रूप से तैयारी करने का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया। बैठक में कहा गया कि दलहन और तिलहन फसल को लेकर किसानों के बीच जागरूकता, गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। किसानों के लिए प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाली गोष्ठी इस बार पंचायत स्तर पर आयोजित होगी। इसका उद्देश्य गांव के लोगों को विभाग कीयोजनाओं को लेकर जागरूक करना है। समीक्षा बैठक में विभागीय सचिव अबू बकर सिदिदकी, विशेष सचिव गोपाल तिवारी, विशेष सचिव प्रदीप हजारी, कृषि निदेशक भोर सिंह यादव, उद्यान निदेशक माधवी मिश्रा, समेति निदेशक विकास कुमार सहित अन्यस अधिकारी- पदाधिकारी मौजूद थे।समीक्षा बैठक के दौरान इस साल अच्छी बारिश के बाद अच्छी फसल होने की संभावनाएं जताई गई।
मंत्री ने कहा कि खेतों में लगे धान की फसल कटने के साथ रबीफसल के लिए जिला स्तर पर मिलने वाले डिमांड के अनुरूप बीज उपलब्ध कराने की जरूरत है। ताकि किसानों को लाभ मिल सके। समीक्षा बैठक में योजनाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुए कृषि मंत्री ने योजनाओं की रफ्तार बढ़ाने के साथ समय पर लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने की बात कही।

## रांची में पुलिस और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़, एक को लगी गोली



संवाददाता ।रांची

रांची : रांची के मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के जंगल में टीएसपीसी उग्रवादियों के साथ पुलिस के बीची मुठभेड़ की खबर है. एक उग्रवादी को गोली लगने की खबर है. मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से कई राउंड गोलियां चलीं. इस दौरान एक उग्रवादी प्रभात राम को गोली लगी है. वहीं उग्रवादी संजय को गिरफ्तार किया गया है. मौके से कार्बाइन के साथ कई हथियार भी बरामद हुए है. पुलिस घटनास्थल पर तलाशी अभियान चला रही है. पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और तलाशी अभियान जारी है.रांची पुलिस का आज लगातार दो-दो एनकाउंटर एक डोरंडा में फायरिंग करने वाले का और एक मैक्लुस्कीगंज में सीनियर एसपी का सीधा संदेश अपराधियों को अब किसी भी हालत में अपराधी बक्से नहीं जाएंगे लोगों को खुलकर व्यापार करने की सलाह दी गई भयभीत नहीं होना है पुलिस

# राज्य के हर जिलों में 100-100 गरीब राशन कार्ड से जोड़े जायेंगे : मंत्री



संवाददाता । रांची

**जामताड़ा. राज्य सरकार ने एक बार फिर गरीब और बीमार जनता के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाई है और ऐतिहासिक निर्णय लिया है.**

संवाददाता, जामताड़ा. राज्य सरकार ने एक बार फिर गरीब और बीमार जनता के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाई है और ऐतिहासिक निर्णय लिया है. खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने घोषणा की है कि झारखंड के प्रत्येक जिलों में 100-100 गरीब एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों का नाम राशन कार्ड में जोड़े जाएंगे, ताकि वे आयुष्मान भारत योजना और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें. मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की उदासीनता से अब तक कई गरीबों की जान इलाज के अभाव में चली गयी. यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है. मैंने ठान लिया है कि मेरे रहते किसी गरीब की जान इलाज के अभाव में नहीं जाएगी. जनता है तभी हम हैं. कहा, विभाग में कई दौर के विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है. मंत्री ने बताया कि वर्तमान गाइडलाइन के अनुसार केंद्र सरकार की नीति में नाम काटे बिना नया नाम नहीं जोड़ा जा सकता है. ऐसे में बड़ी संख्या में गरीब लोग सरकारी योजनाओं से वंचित थे. राज्य सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण से विशेष परिस्थिति में यह छूट देने का फैसला किया है. मंत्री ने राज्य के सभी विधायकों और सांसदों से आग्रह किया कि यदि उनके क्षेत्र में कोई गरीब मरीज ऐसा है, जिसका नाम राशन कार्ड में शामिल नहीं है और वह आर्थिक तंगी के कारण इलाज नहीं करवा पा रहे हैं, तो वे तुरंत संबंधित उपायुक्त और जिला आपूर्ति पदाधिकारी से संपर्क कर उसका नाम सूची में जुड़वाएं.

# बीआईटी मेसरा का 35वां दीक्षांत समारोह कल, इसरो अध्यक्ष होंगे मुख्य अतिथि

संवाददाता । रांची



रांची, 13 अक्टूबर, 2025: बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा अपने 35वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 15 अक्टूबर को करने जा रहा है, जिसमें विभिन्न विषयों के स्नातकों को उनके पेशेवर सफर की शुरूआत के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ वी. नारायणन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। डॉ वी. नारायणन का संबोधन नवोदित पेशेवरों को अपने करियर के दौरान उत्कृष्टता, निष्ठा और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे विकसित भारत के महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण में योगदान मिलेगा। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम परिसर में पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट और डिप्लोमा कार्यक्रमों में 1,600 से अधिक छात्रों को उपाधियाँ प्रदान की जाएगी।इसके अलावा, संस्थान के कुलाधिपति और सीके बिरला समूह के अध्यक्ष श्री सीके बिरला भी सभा को संबोधित करेंगे। उनके ज्ञानवर्धक शब्द छात्रों को नए मानक स्थापित करने और संस्थान में अर्जित मूल्यों का उपयोग करके समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करेंगे।
संस्थान के कुलपति, प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना, वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेंगे, जिसमें अनुसंधान, उद्योग सहयोग और वैश्विक शैक्षणिक साझेदारियों में बीआईटी मेसरा की हालिया उपलब्धियों पर प्रकाश डाला जाएगा।

**रांची में 15 अक्तूबर को बीआईटी मेसरा का 35वां दीक्षांत समारोह आयोजित होगा। इस समारोह में 1,600 से अधिक छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट और डिप्लोमा उपाधियां दी जाएंगी। मुख्य अतिथि डॉ वी...**

संस्थान का 35वां दीक्षांत समारोह एक उल्लेखनीय आयोजन होने का वादा करता है, जो न केवल छात्रों के असाधारण शैक्षणिक प्रदर्शन का जश्न मनाएगा, बल्कि वैज्ञानिक नवाचार,

# आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आज आयोजित जनता दरबार में बड़ी संख्या में आम नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुँचे

संवाददाता ।रांची



**रांची:**जिसपर प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही समाधान अथवा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।चार दिन से मेरी बेटी ने कुछ खाया नहीं है सर... वो तड़प रही है... उसे बचा लीजिये सर प्लीज... आपके दरवाजे से सब खुशी-खुशी लौटते हैं, मेरी बच्ची को बचा लीजिए सर... मैंने अपने जेवर बेचकर अब तक बच्ची का इलाज करवाया है...सर प्लीज... वीणा देवी कुछ इस तरह से जनता दरबार में फरियाद लगा रही थी। बीमार बच्ची के इलाज के लिए एक मां की फरियाद पर तुरंत एक्शन लेते हुए सिविल सर्जन से बात की। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि बच्ची का इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत संभव है। जिसपर त्वरित आयुष्मान कार्ड बनवाकर बच्ची के इलाज की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।
सेविका को शोकॉज करने का निर्देश माण्डर प्रखण्ड के बंझिला टोला से आयी महिलाओं ने सेविका पर सत्यापन में गड़बड़ी और शिकायत नहीं करने के एवज में पैसे का ऑफर करने का आरोप लगाया।इस पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सेविका को शो-कॉज करने का निर्देश दिया। साथ ही, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को सभी संबंधित मामलों की जांच कर निष्पादन करने का आदेश दिया। जनता दरबार के दौरान मंईयां सम्मान योजना से संबधित और भी शिकायतें आयी जिस पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को जांच कर निष्पादन का निर्देश दिया गया। अनगड़ा सीओ और कर्मचारियों को शो-कॉज करने का निर्देश ??
अनगड़ा प्रखण्ड के हेसल पंचायत की मुखिया द्वारा बार बार आवेदन समर्पित करने के बाद भी खाता संख्या में सुधार न किये जाने की शिकायत की। दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद अनगड़ा सीओ और कर्मचारियों को शो-कॉज करने का निर्देश दिया गया।घरेलू हिंसा के मामले में चौकीदार का वेतन रोका गया ??पिठोरिया थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसका पति दूसरी शादी कर चुका है और उसे घर से निकाल दिया गया है, इस संबंध में थाने में भी शिकायत करने के बाद कोई कार्रवाई नहीं की गयी, बल्कि महिला और उसके पिता पर झूठा केस भी दर्ज करा दिया गया। जिसपर चौकीदार का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। शैक्षणिक त्रुटि पर विशेष निर्देशबुण्डू प्रखण्ड के तैमारा निवासी छात्र अनुज कुमार रुण्डा द्वारा

# 'घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी', जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की प्रेसवार्ता

## कहा अभ्यर्थी सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक कर सकेंगे नामांकन

**जमशेदपुर, संवाददाता**



45-घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर सोमवार 13 अक्टूबर को गजट प्रकाशन कर स्थानीय स्तर पर अधिसूचना जारी कर दिया गया है। इस अवसर पर समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी द्वारा नामांकन एवं पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रेस प्रतिनिधियों से साझा की गई।

वार्ता में उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी/प्रत्याशी अनुमंडल कार्यालय घाटशिला से सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक नामांकन प्रपत्र का क्रय कर सकते हैं। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के लिए अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला सुनील चंद्र निवार्ची पदाधिकारी हैं। नामांकन की प्रक्रिया सोमवार 13 अक्टूबर से प्रारंभ हो गई है और जिसकी अंतिम तिथि 21 अक्टूबर निर्धारित है। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 6 अक्टूबर को उपचुनाव की घोषणा के साथ साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता के अलावा सभी तरह के एसओपी का अनुपालन किया जा रहा है। सुगम, स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संपादन के लिए सभी प्रशासनिक तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए ईवीएम पर लगने वाले मत पत्र में बदलाव किए है। जिसके तहत अब ईवीएम पर उम्मीदवारों के रंगीन फोटो के साथ-साथ उनके नाम और क्रम संख्या बड़े अक्षरों में अंकित होंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को शिक्षित एवं प्रेरित करते हुए

मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। साथ ही सभी अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेकनाकों की निगरानी सख्ती से की जा रही है। ताकि अवैध मादक पदार्थ, संदिग्ध पैसों का परिवहन, शराब, उपहार, असामाजिक तत्वों पर कड़ाई से निगरानी एवं कार्रवाई की जा सके। आगे उन्होंने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित किया जा रहा है। उपचुनाव में भी होम वोटिंग की सुविधा रहेगी। वैसे दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता जो मतदान के लिए मतदान केंद्र जाना चाहते हैं, उनके आवागमन के लिए वाहन, व्हीलचेयर, रैंप, वॉलंटियर की व्यवस्था रहेगी। सोशल मीडिया समेत अन्य मीडिया माध्यमों पर भी कड़ी निगरानी रखते हुए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# कदमा में डोर-टू-डोर घूमे भाजपा-जदयू कार्यकर्ता, लोगों से पूछी उनकी समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन

**जमशेदपुर, संवाददाता**



पश्चिमी विधायक सरयू राय के निर्देश पर सोमवार भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकताओं-पदाधिकारियों ने कदमा क्षेत्र के उलियान स्थित विभिन्न इलाकों का दौरा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं। इस दौरान भाजपा-जदयू के कार्यकताओं ने स्थानीय निवासियों से मिलकर न सिर्फ उनकी समस्याएं सुनीं। बल्कि उन्हें एक रजिस्टर में नोट भी किया। साथ ही जो समस्या जिस विभाग से जुड़ी थीं, उनके अधिकारियों से बात करना भी तय किया। जिसके बाद समस्या के समाधान का प्रयास भी प्रारंभ कर दिया गया है। इस डोर-टू-डोर कैंपेन में सबसे ज्यादा समस्या साफ-सफाई को लेकर सामने आई। स्थानीय लोगों की शिकायत थी कि उनके इलाके में साफ-सपाई की स्थिति काफी खराब है और लोगों ने गंदगी के ढेर भी दिखाए। स्थानीय लोगों ने स्ट्रीट लाइट की समस्या के बारे में भी खुल कर बात कही। उन लोगों का कहना था कि अनेक स्थानों पर अब भी अंधेरा है। इन स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की गई। स्थानीय लोगों ने पुरानी स्ट्रीट लाइटों को बदल कर नई स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग भी रखी। जिसपर उन्हें आश्वस्त भी किया गया। भाजपा और जदयू के साथियों ने आपस में विचार-विमर्श किया कि समस्या के समाधान के लिए विभिन्न क्षेत्रों में बूथ स्तर पर कमेटी बनाई जाए। वहीं कमेटी ही अपने-अपने क्षेत्रों में समस्या का समाधान करने का प्रयास करेगी। दोनों पार्टियों के लोगों ने कदमा क्षेत्र के नीम तल्ला पथ, मधुसूदन पथ, बनिया पाड़ा क्षेत्र, उलियान हरि मंदिर लाइन, धोबी लाइन, उलियान मन रोड, उलियान टैंक रोड, नर्मदा पथ, नजरुल पथ, बंधु पथ आदि का भ्रमण कर लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनकर नोट भी किया। मौके पर राकेश सिंह, नीरज सिंह, राजेश सिंह, टीटू दास, भीम सिंह, संजीव आचार्या, राणा प्रताप सिंह, धरन सिंह, केपी सिंह, उमेश ठाकुर, अजीत सिंह, दीपल विस्वास, रंजन भगत, राजन नायक, संजीत सिंह, रविशंकर सिंह, रंजीत आइच, महादेव बसाख, रमेश राय, सुभाष सिंह, संजीत सिंह, संदीप कुमार, विश्वजीत सिंह, रामजतन प्रसाद, अजीम सिंह, लाली दीक्षित, सुनील कुमार, राहुल कुमार, आनंद कुमार, रिंकू सिंह, प्रेम प्रसन्न कुमार, जितेंद्र सिंह, आनंद राव, सुनीस पांडेय, अखिलेश शर्मा, ललन राय, दीपक दुबे, बिजेंद्र कुमार समेत अन्य भी मौजूद थे।

# किसी भी सरकारी योजनाओं का लाभ का प्रलोभन के नाम पर मोबाइल ओटीपी शेयर न करें : बरही बीडीओ

**बरही, संवाददाता**




बरही बीडीओ जयपाल महतो ने प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के ग्रामीण ,सरकारी योजना से लाभ पाने वाले लाभुक एवं आमजनों से पत्र के माध्यम से सूचित करते हुए कहा कि विभिन्न पंचायतों से मईया सम्मान, पेंशन, मातृत्व योजना एवं अन्य योजनाओं के तहत मोबाइल पर ओटीपी मांग कर साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड स्तर से किसी भी प्रकार की योजनाओं यथा मईयाँ सम्मान योजना, पेंशन योजना, मातृत्व योजना एवं अन्य योजना की स्वीकृति अथवा अन्य किसी कार्य के लिए किसी भी प्रखण्ड कर्मी द्वारा मोबाइल ओ०टी०पी० की मांग नहीं की जाती है तथा किसी नये एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से इंस्टॉल करने के लिए नहीं कहा जाता है। यदि इस प्रकार की कोई सूचना अथवा एप्लीकेशन इंस्टॉल करने के संबंध में बोला जा रहा है तो ये पूर्ण रूप से ठगी का मामला है। किसी भी हाल में उनके झांसा में न आकर इंस्टॉल करें न ओटीपी शेयर करें अन्यथा आप ठगी का शिकार हो सकते हैं जिसकी पूरी जिम्मेदारी आप खुद होगें।

# अवैध खनन और शराब पर कड़ा रुख, राजस्व वसूली में तेजी के निर्देश, जनहित में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त ऋतुराज

**कोडरमा, संवाददाता**




विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आमजन के हित में समर्पित भाव से कार्य करें। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने स्तर पर नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन करें। उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी कार्यालय में समय पर उपस्थित रहें तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि सरकार के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः पालन करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों के पदाधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागीय कार्यों में तेजी लाएं। राजस्व संग्रह के संदर्भ में उपायुक्त ने कहा कि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत राजस्व की वसूली सुनिश्चित की जाए। जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध रूप से खनिज के खनन, भंडारण तथा परिवहन पर सख्ती से निगरानी रखी जाए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करें। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने योजनाओं के सफल संचालन पर विशेष बल दिया। कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वन पट्टा प्रदान करने के लिए एफ.आर. एवं सी.एफ.आर. रिपोर्ट यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं। राजस्व विभाग से संबंधित निर्देश में उपायुक्त ने कहा कि अंचलवार म्यूटेशन एवं सुओ मोटू म्यूटेशन से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बैठक में कहा कि जिले में अवैध रूप से शराब की बिक्री एवं भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। शराब माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ा शिकंजा कसें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध अफीम/पोस्ता एवं गांजा की खेती रोकथाम हेतु पांकी प्रखंड में चलाया गया जागरूकता अभियान



**पलामू, संवाददाता**

पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम - केकरगढ़ एवं मतनाग में अवैध अफीम/पोस्ता एवं गांजा की खेती के रोकथाम हेतु एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। सोमवार को इस अभियान में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी पांकी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, केकरगढ़ पंचायत के मुखिया एवं वार्ड सदस्य, वन विभाग की टीम, तथा पांकी थाना के पदाधिकारी एवं पुलिस जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केकरगढ़ पंचायत के अंतर्गत आने वाले केकरगढ़ एवं मतनाग गांव के महिला एवं पुरुष, युवक एवं युवतियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को अफीम/पोस्ता एवं गांजा की खेती के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, अवैध खेती में संलिप्त पाए जाने पर मिलने वाले कानूनी दंड के प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। ग्रामीणों को यह भी समझाया गया कि वे अफीम, पोस्ता एवं गांजा की खेती छोड़कर वैकल्पिक फसलों जैसे – चावल, गेहूं, चना, सरसों, मसूर, ज्वार, सोयाबीन, मूंगफली, अरंडी, बाजरा एवं कटहल की खेती करें, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ के साथ सुरक्षित आजीविका भी मिल सके। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामीणों को अवैध अफीम/पोस्ता एवं गांजा की खेती नहीं करने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नशा उत्पन्न करने वाली फसलों की खेती पर अंकुश लगाना तथा किसानों को वैकल्पिक कृषि के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है।

# बरही डीएवी के बच्चों ने लोक सेलिब्रेशन ऑफ फोक एंड ट्रेडीशन कार्यक्रम में लहराया परचम

**बरही, संवाददाता**



बरही डीएवी के बच्चों ने रांची में लोक 2025 सेलिब्रेशन ऑफ फोक एंड ट्रेडीशन का आयोजन हुआ।यह कार्यक्रम 10 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक रांची के आड्रे हाउस में आयोजित किया गया` जिसमें भारत के 11 राज्य के साथ साथ नेपाल के प्रतिभागी शामिल हुए।इस कार्यक्रम में बरही के डीएवी स्कूल के कला शिक्षक ललन यादव के नेतृत्व में छात्रों ने भी भाग लिया।यह कार्यक्रम फोक ऑटोपीडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित की गई थी जो झारखंड के पर्यटन विभाग और आर्ट और कल्चर विभाग के अंतर्गत कार्य कर रही थी। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पेंटिंग प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें सोहराय पेंटिंग, जारोपेटिया पेंटिंग, मिथिला पेंटिंग ,भोजपुरी पेंटिंग ,पिछवाई पेंटिंग जैसे भारत के विभिन्न राज्यों में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के कलाओं की सुंदर प्रदर्शनी लगाई गई थी। इस कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के कला शिक्षक ललन यादव के नेतृत्व में यहां की छात्र-छात्राओं ने सोहराय कला में अपना बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मिताली,कशिश कुमारी ,दिलकश कायनात, तनु कुमारी ,आरोही, सोनाक्षी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार ने कहा कि यह दिन डीएवी पब्लिक स्कूल के लिए बड़े ही गौरव का क्षण है क्योंकि ललन यादव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने अपनी उम्दा कला का बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय के कला शिक्षक ललन यादव ने अपनी कला के माध्यम से विद्यालय की छात्र-छात्राओं के बीच कला को एक नया जीवंत रूप प्रदान किया है। बच्चे उनके सिखाए कला के द्वारा अपने मनोभावों को प्रस्तुत करने में सदैव सक्षम हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने शिक्षा से आने वाले दिनों के लिए नौनिहालों का निर्माण करते हैं। जो आगे चलकर अपने और अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने-अपने विभागों में बेहतर प्रदर्शन कर पाने में सक्षम हो पाते हैं। इसीलिए शिक्षक सिर्फ बच्चे का निर्माण नहीं करता बल्कि वह देश का भी निर्माण करता है।

# डीजीपी ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ दीपावली एवं छठ पर्व को लेकर की बैठक



**बोकारो, संवाददाता**

झारखंड पुलिस के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और प्रदेश के सभी चैंबर के पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। बैठक का उद्देश्य दीपावली और छठ पूजा के दौरान प्रदेश की विधि व्यवस्था, साइबर क्राइम, ट्रैफिक जाम और अन्य समस्याओं पर चर्चा करना था। बैठक में यह सुझाव दिया गया कि चास थाना परिसर को स्थानांतरित किया जाए, क्योंकि वर्तमान में यह चास बाजार में स्थित है, जहां हमेशा भारी ट्रैफिक जाम रहता है। इससे न केवल पुलिस कार्य में बाधा आती है, बल्कि आम जनता को भी परेशानी होती है। वीडियो कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ सदर चास प्रवीण कुमार सिंह, सिटी डीएसपी आलोक रंजन सहित चैंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी, महामंत्री राजकुमार जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, विनय कुमार सिंह आदि पदाधिकारी शामिल हुए। डीजीपी ने सभी चैंबर के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान नागरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही ट्रैफिक जाम कम करने और साइबर अपराध पर निगरानी बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। यह बैठक प्रदेश के सुरक्षित और व्यवस्थित त्योहार समारोह सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# बोकारो में मां-बेटे को 15 महीने तक बंधक बनाकर रखा गया, पुलिस ने कराया मुक्त

**बोकारो, संवाददाता**



सेक्टर 6 थाना क्षेत्र के क्वार्टर नंबर 2517 में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां मां और बेटे को करीब 15 महीने तक बंधक बनाकर रखा गया था। पुलिस ने सूचना मिलने पर दोनों को मुक्त कराया। यह घटना संतोष कुमार महतो और उनकी मां सीता देवी की है, जो चास के बंसीडीह निवासी हैं। थाना प्रभारी संगीता कुमारी ने बताया कि उन्हें मामले की सूचना टेलीफोन से मिली थी। तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और मां-बेटे को बंद कमरे से मुक्त कराया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि संतोष कुमार की पत्नी के साथ कुछ पारिवारिक विवाद चल रहा था, जिसमें कानूनी प्रक्रिया के दौरान अशोक सिंह नामक व्यक्ति से आर्थिक लेनदेन हुआ था। बताया गया कि संतोष कुमार ने वह पैसा खर्च कर दिया था, जिसके बाद अशोक सिंह ने धमकी देकर कहा था कि प्रॉपर्टी बेचकर पैसा लौटाओ। इसी विवाद के चलते अशोक सिंह ने दोनों को क्वार्टर में बंधक बनाकर रखा। संतोष कुमार ने बताया कि उन्हें और उनकी मां को कभी-कभी चावल-दाल या थोड़ा बहुत खाना दिया जाता था। वे कई बार बालकनी से मदद की गुहार लगाते थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी अशोक सिंह सेक्टर 3 के निवासी हैं और हाल ही में किसी अन्य मामले में उन्हें चिराचास थाना क्षेत्र से जेल भेजा गया है। संतोष कुमार उक्त्त के मरीज हैं और कभी-कभी उनका व्यवहार असामान्य हो जाता है। फिलहाल पुलिस ने दोनों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि आवेदन मिलने पर आगे की जांच और कार्रवाई की जाएगी। यह मामला न केवल मानवता को झकझोर देने वाला है बल्कि पुलिस सतर्कता की एक बड़ी परीक्षा भी बन गया है।

# देशभर में विस्तार की दिशा में बढ़ा 'अन्नपूर्णा घी'

**हजारीबाग।** पिछली तीन से अधिक पीढ़ियों से, अन्नपूर्णा घी सिर्फ. रसोई का जरूरी हिस्सा नहीं रहा है, बल्कि यह शुद्धता, पोषण और परंपरा का प्रतीक बना हुआ है। रोजमर्रा के भोजन से लेकर त्योहारों के अवसर तक, इसकी गाढ़ी खुशबू, दानेदार बनावट और असली स्वाद ने समय की कसौटी पर खरा उतरते हुए इसे पूरे भारत में घर-घर का भरोसेमंद नाम बना दिया है। यह विरासत केवल डेयरी उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परिवारों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाई जाने वाली परंपरा है, जो अपनी स्थायी गुणवत्ता से पीढ़ियों को जोड़ती है। 70 वर्षों से अधिक की घी बनाने की परंपरा और पूर्वोत्तर भारत के सबसे मजबूत तथा सर्वाधिक बिकने वाले ब्रांड होने के नाते, अन्नपूर्णा समूह को विश्वास है कि यह श्रेणी उनके विकास का प्रमुख आधार बनेगी। कंपनी अब अपने मौजूदा बाजार यानी पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में अपनी पकड़ और मजबूत करने के साथ-साथ रणनीतिक रूप से उत्तर भारत में कदम रख रही है और धीरे-धीरे पूरे भारत में विस्तार की दिशा में अग्रसर है।इस विस्तार यात्रा के तहत, अन्नपूर्णा ने उत्तर भारत के बाजार में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने शहनाज गिल जो देश की सबसे लोकप्रिय हस्तियों में से एक हैं, को अन्नपूर्णा काऊ घी का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसे सुपरफूड के रूप में प्रस्तुत करते हुए, ब्रांड ने शुद्धता और विश्वास का अपना वादा उस क्षेत्र में और सुदृढ़ किया है, जहाँ भोजन, संस्कृति और परंपरा का विशेष महत्व है।

### धनबाद पुलिस ने प्रिंस खान के 12 गुर्गे को किया गिरफतार

# व्यापारियों को डरने की जरूरत नहीं पुलिस सुरक्षा देने में सक्षम : एसएसपी

**धनबाद, संवाददाता**



**धनबाद।** पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली। एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की विशेष टीम ने प्रिन्स खान गिरोह के 12 अपराधकर्मियों को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया है। इस सन्दर्भ में प्रेस वार्ता के दौरान एसएसपी ने मीडिया को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि प्रिन्स गिरोह के कुछ अपराधकर्मी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस की विशेष टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों मे छापेमारी करते हुए गिरोह के कुल 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों मे 4 शूटर, 1 साजिशकर्ता, 3 वित्तीय प्रबंधक, 4 साइबर संचालक समेत कुल 12 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों का सम्बन्ध जमशेदपुर के भानु मांझी गिरोह से भी है। फिलहाल पुलिस की टीम भानु मांझी के साथ गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी में जुटी है।एसएसपी ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी सूरत में डरने की जरूरत नही है। पुलिस उन्हें सुरक्षा देने मे सक्षम है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अगर कोई भी कारोबारी किसी भी तरीके से इन अपराधियों को आर्थिक लाभ देंगे तो फिर वैसे कारोबारियों के विरुद्ध भी देशद्रोह की सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एस एस पी ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि उन्हें अपराध या अपराधियों से सावधान रहने की जरूरत है। पैसों के लालच में अगर कोई भी युवा अपराध के तरफ कदम बढ़ाएगा तो फिर पुलिस और कानून उसके खिलाफ सख्ती से पेश आएगा।

धनबाद जिले में भगौड़ा अपराधी प्रिंस खान एवं उसके गुर्गे सैफी उर्फ मेजर के द्वारा व्यवसायियों को लगातार फोन कर धमकी दिया जा रहा था। इन संगठित अपराधिक गिरोहों के आर्थिक श्रोतो का पता लगाने, शूटरों एवं समर्थकों के नेटवर्क का समापन करने, हथियार खरीद-बिक्री चैनलों को ध्वस्त करने के लिए धनबाद पुलिस निरंतर एवं नियमित रुप से अभियान चला रही है एवं इस क्रम में अपेक्षित सफलता भी मिली है। इसी क्रम में - 12-13/10/25 की रात्रि को धनबाद पुलिस को यह सूचना मिली कि उक्त गिरोह के सदस्य पुनः घटना कारित करने के लिये हरवे हथियार के साथ धनबाद आये हुए है, पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई कर इन अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी की गई तथा इस संबंध में राजगंज थाना कांड सं0-87/25 दि-13.10.25 धारा-111(4) /317(5) /61(2) बी.एन.एस. एवं 25(1-बी) ए/26(2)/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि दिनांक-09.09.25 को भी राजगंज थाना क्षेत्र के राजगंज स्थित एक पेट्रोल पम्प पर उक्त गिरोह के सदस्यों के द्वारा फायरिंग की घटना कारित की गई थी, जिस संबंध में राजगंज थाना कांड सं0-82/25 दि0-10.09.25 दर्ज किया गया था। पूछताछ के क्रम में अपराधकर्मियों द्वारा राजगंज स्थित पेट्रोल पम्प में फायरिंग करने की घटना में भी अपनी संलिपत्ता स्वीकार की गई तथा घटना में प्रयुक्त किया गया हथियार भी बरामद करवाया गया है। धनबाद पुलिस की टीम ने आज इस क्रम में कुल 12 (बारह) अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी की है, जिनमें इनके शुटर, समर्थक एवं वित्तीय प्रबंधन करने वाले अपराधी शामिल है। कांड में गिरफ्तार किये गये अपराधकर्मियों के अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर बैंकमोड़ थाना क्षेत्र से गिरोह के सदस्यों द्वारा छुपाकर रखा गया हथियार, बम एवं अन्य विष्फोटक सामग्री भी बरामद किया गया है।

